परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती

उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक

12-06-2025

प्रेस विज्ञप्ति

- डीआईजी बस्ती द्वारा थाना कपिलवस्तु का किया गया भ्रमण।
- डीआईजी बस्ती द्वारा आपरेशन कवच के तहत ग्रामों में गठित "ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ की गयी गोष्ठी।
- अलीगढ़वा व ककरहवा भारत-नेपाल बॉर्डर का किया गया भ्रमण।
- प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु को लगाये कड़ी फटकार।
- संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 12.06.2025 को श्री संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा डाँ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ थाना कपिलवस्तु का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान थाना कार्यालय,सीसीटीएनएस कार्यालय,थाने के अभिलेखों, बन्दीगृह, थाना परिसर आदि का निरीक्षण कर प्रतिदिन थाना परिसर,शौचालय, कार्यालय आदि की साफ सफाई कराने,थाने के रजिस्टरो मे सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक करने आदि हेतु निर्देशित किया गया। अपराध की पूर्ण जानकारी न होने तथाआईजीआरएस के प्रकरणो में गुणवक्तापूर्ण निस्तारण न होने पर एसएचओ कपिलवस्तु को डीआईजी बस्ती द्वारा कड़ी फटकार लगायी गयी।

तत्पश्चात शासन की मंशा के अनुरूप "आपरेशन कवच" के तहत भारत- नेपाल सीमा क्षेत्र से 10 किलोमीटर के अन्दर आने वाले ग्रामीणों को सीमा सुरक्षा से जोड़ने हेतु ग्रामों में गठित "ग्राम सुरक्षा समिति" के अध्यक्ष/सचिव/ सदस्यों के साथ थाना कपिलवस्तु पर गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों व दायित्वों का बोध कराकर जागरूक किया गया जिन्हें नव धनाढ्य/संदिग्ध/देश-विरोधी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों आदि के संबंध में जानकारी देने तथा ग्राम के अन्य लोगों को भी जागरुक करने हेतु बताया गया।

तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा अलीगढ़वा व ककरहवा भारत-नेपाल बॉर्डर पर पहुंचकर पुलिस,एसएसबी,कस्टम, स्थानीय अभिसूचना इकाई आदि के अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ फूट पेट्रोलिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर,निरीक्षक एलआईयू,एसएसबी,कस्टम,पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती।